डिजीटल पत्र
दैनिक
# कांग्रेस दर्पण
पटना, 24 नवंबर, शुक्रवार, 2023

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10



# वोटर लिस्ट में युवाओं का नाम जुड़वायें सेवा दल कार्यकर्ता : डॉ संजय

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० संजय यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जनता के कांग्रेस के प्रति बढ़ते जनसमर्थन को पार्टी की जीत एवं वोटों में तब्दील करने के लिये सेवा दल कार्यकर्ताओं को जुट जाने की अपील की। सेवा दल को कांग्रेस की रीढ़ बताते हुये कहा कि डॉ संजय ने सेवा दल के कार्यकर्ताओं से अपील करते हुये कहा कि सभी लोकसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नये मतदाताओं का नाम जुड़वाने के लिये अभियान चलायें। 18 वर्ष पूरा करने वाले युवाओं के साथ साथ वैसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में छूट गया है, का नाम जुड़वायें। लोकसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलायें। जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, ऐसे मतदाताओं का नाम हटवाने में, वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण तथा वोटर लिस्ट में त्रुटि सुधार के कार्य मे बीएलओ तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का सहयोग करें। 25 और 26 नवंबर को सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। 26 दिसंबर तक दावों और आपत्तियों का निष्पादन किया जायेगा. निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी को होगा. डॉ० संजय ने कहा कि सेवा दल कार्यकर्ता सक्रिय हो नागरिकों का सहयोग करें। राहूल गांधी के विजन को जन जन तक पहुंचाने, बीजेपी की नफरत की राजनीति का पर्दाफाश करने तथा लोकतंत्र को मजबूत करने में सेवादल कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है।

# कांग्रेस सेवादल ने आजादी की जंग में और आजादी के बाद दोनों ही जगह अपनी सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाईः लालजी देसाई

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्य संगठक लालजी देसाई ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। और पांच राज्यों में हो रहे चुनाव को लेकर भी कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया है। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस सेवादल को लेकर भी कई अहम बातें कही।**



**नई दिल्ली।** इस देश में सेवादल का ऐतिहासिक महत्व है, समता मूलक समाज की स्थापना करना इसका मुख्य उद्देश्य रहा है। सेवादल एक सामाजिक संगठन है जो लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद में विश्वास रखता है। सेवादल ने आजादी की जंग में और आजादी के बाद दोनों ही जगह पर अपनी सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाई है। यह कहना है अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई का। आईए आपको बताते हैं लालजी देसाई ने डीबी न्यूज़ नेटवर्क से बातचीत के दौरान क्या कहा।

लालजी देसाई बोले कि गांधी जी के एक आदेश पर सेवादल ने शिक्षा, स्वास्थ्य और जो लोगों की मूलभूत समस्याएं हैं उनको लेकर आजादी के बाद निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा राहुल जी ने सेवादल के लिए काफी प्रयास किया जिसके बाद से सेवादल में बहुत बदलाव देखने को मिला है। और काफी युवा और महिलाएं हमारे साथ जुड़ी हैं, काफी मजबूत टीम हमारे साथ है। सेवादल में आज यूथ विंग और विमेन विंग जमीनी स्तर पर बेहतर काम कर रहा है।

**RSS, BJP और ED पर साधा निशाना**

लालजी देसाई ने कहा देश के अंदर दो अलग–अलग विचारधारा के लोग काम कर रहे हैं। आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा सदैव से ही विभाजनकारी रही है। उन्होंने हमेशा लोगों को जाती, धर्म और वर्गों में बांटने का काम किया है यही कारण है की आज वैमनस्यता का भाव बढ़ गया है। आरएसएस ऐसा मानता है कि कुछ जातियों में जन्म लेने के बाद ही आप बहुत बुद्धिमान और सर्वश्रेष्ठ हो बाकी जातियां काम करने के लिए हैं। आपको बता दें लालजी देसाई मूलतः गुजरात के रहने वाले हैं, वह बोले कि हमारे गुजरात से निकले हुए दो तानाशाह और दो पूंजीपति मित्र देश को जिस प्रकार से लूट रहे हैं यह देखकर मन व्यथित होता है, यह महात्मा गांधी और सरदार पटेल के गुजरात में हम दो, हमारे दो जो मिलकर देश को लूट रहे हैं यह बेहद चिंतनीय भी है, पहले गुजरात को लूट गया था। आज पूरे देश को लूटा जा रहा है। गरीबों से खींचो और अमीरों को सींचो इनकी शैली बन चुकी है। लालजी देसाई ने एऊपर भी जमकर हमला बोलते हुए कहा, एऊका काम तो अब यह है कि जिस तरह से पहले के महाराजा और राजा के खिलाफ जो आवाज उठाता था उसकी आवाज को दबा दिया जाता था, यही काम आज सरकार के इशारे पर एऊकर रही है।

## कांग्रेस की सरकार बनने का किया दावा

इस दौरान जब लालजी देसाई से पांच राज्यों में हो रहे चुनाव पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। और जनता में भी एक अलग उत्साह दिख रहा है। 2024 में कांग्रेस की लहर आना है। जनता परिवर्तन चाह रही है और कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इसी दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की लहर बवंडर की तरह आएगी और भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा। पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं ऐसे में भाजपा कहीं पर भी सरकार नहीं बना रही है। कांग्रेस का पंजा आपको पांचो राज्यों में दिखाई देगा।

# भाजपा राजस्थान व छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने के लिए साजिश रच रही :गहलोत



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**जयपुर।** अशोक गहलोत ने कहा है कि भाजपा राजस्थान व छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने के लिए साजिश रच रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से छत्तीसगढ़ के महादेव ऐप और राजस्थान के लाल डायरी मामले की सवीच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश से जांच करवाने की मांग की है।विधानसभा चुनाव में प्रचार अभियान के दो दिन पहले गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभिनेता और भाजपा नेताओं को षडयंत्रकारी बताते हुए प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया। गहलोत ने कहा, 2017 में जब मैं गुजरात कांग्रेस का प्रभारी था तो मोदी ने वहां कहा था कि मारवाड़ी की बात मानोगे तो मैं गुजराती कहां जाऊंगा।पीएम ने कहा था, मारवाड़ी गुजरात में घूम रहा है। उसकी बात मत मानो। गहलोत ने कहा, अब मैं कह रहा हूं। अब वो गुजराती यहां आ गया। हम तो नहीं कह रहे कि गुजराती यहां आ गया है। गुजराती की बात मानोगे तो मैं कहा जाऊंगा। गहलोत बोले, मैं भी कह रहा हूं, राजस्थान वासियों गुजराती आकर घूम रहा है, मैं आपका हूं,गुजराती की बात मानोगे तो मैं कहां जाऊंगा, मैं थां सू दूर नहीं हूं। मैं राजस्थान की जनता से कहना चाहूंगा मैं राजस्थानी हूं। गहलोत ने आगे कहा, ₹पीएम अच्छा अभिनय कर लेते हैं। पहले चुनाव में उन्होंने कहा,मुझे नीच कह दिया,मैं ओबीसी हूं। जबकि उन्हें किसी ने नीच नहीं कहा था मैं भी तो ओबीसी हूं।

# सीएम भूपेश बघेल ने केंद्र पर साधा निशाना,कहा- बीजेपी वोट के लिए कुछ भी कर सकती है



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**पाटन, छत्तीसगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों को भाजपाई रेवड़ी बताते थे। आज वही भाजपाई रेवड़ी बांटने में लग गए हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर चुनाव के पहले मुझे और अन्य कांग्रेसियों को बदनाम करने का हर संभव प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री बघेल बुधवार को छत्तीसगढ़ के पाटन विधानसभा क्षेत्र में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम तर्रा में आयोजित समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा नेता नई-नई बातें करते थे, लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता उनकी बातों पर यकीन नहीं करती थी। हमारी सरकार ने जनता के साथ मिलकर हर समस्याओं का निराकरण किया है। आज भाजपा धान का 3,100 रुपये देने की बात कह रही है। पूर्व में हमारी घोषणा को रेवड़ी कहते हुए वे इस पर रोक लगाने के लिए जुटे हुए थे।

वहीं मुख्यमंत्री ने महादेव आनलाइन सट्टा एप पर कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा सैकड़ों की संख्या में मोबाइल, लैपटाप, नकदी जब्त करने के साथ ही कई लोगों को पकड़ा है, लेकिन केंद्र सरकार दुबई में बैठे दो लोगों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है।

# दिग्विजय सिंह बोले- भाजपा ने मोदी जी को पनौती क्यों मान लिया



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पनौती कह दिया है। अब इस पर पूर्व सीएम और राज्य सभा सदस्य दिग्विजय सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि पनौती का क्या अर्थ है? मैंने पता लगाया। यह एक नकारात्मक शब्द है। जब कोई काम होते-होते रह जाए तो उस इंसान को पनौती कह दिया जाता है। पनौती शब्द का इस्तेमाल उस व्यक्ति के लिए किया जाता है जो अपने आस-पास के लोगों के लिए दुर्भाग्य या बुरी खबर लाता है, इसीलिए इसे नकारात्मक शब्द कहते हैं। विश्व कप प्रारंभ होते ही सोशल मीडिया पर यह शब्द ट्रेंड करने लगा। यह किसके लिये कहा गया? स्टेडियम में हजारों लोग थे। भाजपा ने मोदी जी को पनौती क्यों मान लिया? वे तो उनकी उनकी नजर में विश्वगुरु हैं। बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व कप का फाइनल मैच देखने के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद थे। यह मैच ऑस्ट्रेलिया से भारत हार गया। इसे मुद्दा बनाकर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना पनौती से की है। राहुल गांधी ने मंगलवार को राजस्थान के जालौर में एक रैली में प्रधानमंत्री पर निशान साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पनौती कहा। इस बयान के बाद से भाजपा राहुल गांधी पर हमलावर है।

# कारवां बढ़ रहा है, परिवार बढ़ रहा हैं, जन—जन जुड़ रहा हैं






**संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण**

उत्तरकाशी में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्त्ता सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर रणनीति बनाने एवं तैयारियों को लेकर मा0 प्रदेश अध्यक्ष डं१ंल्ल टँ१ं जी ने कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कांग्रेसजनों के साथ चर्चा की। इस दौरान लोकसभा चुनाव–2024 में केंद्र की सत्ता पर काबिज़ जनविरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने तथा एकजुटता के साथ कांग्रेस के नीतियों के प्रचार–प्रसार करने का आह्वान किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष यमुनाघाटी, जिलाध्यक्ष गंगाघाटी ,जिला कार्यकारणी के पदाधिकारीगण,ब्लॉक कार्यकारणी के पदाधिकारीगण,नगर कार्यकारणी के पदाधिकारीगण,युथ कांग्रेस के पदाधिकारीगण,महिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण सहित देवतुल्य कांग्रेसजन उपस्थित रहें।





**रघुनन्दन प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी उत्साहित कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत नेताओं, पदाधिकारियों–कार्यकर्ताओं से की मुलाक़ात पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद श्री निर्मल खत्री जी से मिलकर दी 50वें वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई**

**#उत्तरकाशी में माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री डंाल्ल टँ1 जी एवं Dinesh Chauhan जी जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी यमुनाघाटी के नेतृत्व में विकासखंड मोरी के न्याय पंचायत आराकोट के थली/बुटोत्रा बूथ के श्री रविंद्र सिंह नेगी जी और श्री वीरेंद्र सिंह चौहान जी ने आस्था रखते हुए थलीभूत को मज़बूत करने के लिए भाजपा को छोड़ कांग्रेस का दामन थामा। इस अवसर पर जिला/ब्लॉक/नगर जिलाध्यक्ष सहित अन्य विभागों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण एवं सम्मनित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।**

# राजस्थान में फिर से आएगी कांग्रेस सरकार देगी स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और भोजन का अधिकार

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण


- कोई भी बीमारी हो, 50 लाख रु तक मुफ्त इलाज
- कुल 10 लाख नये रोजगार
- पुरानी पेंशन की कानूनी गारंटी
- 500 रु वाला सिलेंडर 400 रु में
- आवास का अधिकार कानून
- महिला मुखिया – 10 हजार रु सालाना
- किसान के लिए टरढ कानून
- 2 लाख तक ब्याज मुक्त कर्ज
- 2 रु प्रति किलो गोबर खरीद
- सरकारी कॉलेज 1styr. laptop
- प्राइवेट स्कूलों में 12वीं तक शिक्षा फ्री
- अंग्रेजी मीडियम शिक्षा की गारंटी
- मनरेगा में 150 दिन रोजगार
- जातिगत जनगणना

कांग्रेस फिर से आएगी, राजस्थान में प्रगति लाएगी।








संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

■ प्रधानमंत्री मोदी की नाकामी युवाओं के भविष्य पर भारी पड़ रही है। चुनावी रैलियों में बड़ी–बड़ी बातें करने वाले प्रधानमंत्री को देश के युवाओं की जरा सी भी परवाह नहीं है। सरकार की निकम्मी नीतियों ने बीते नौ–दस सालों में इस देश के करोड़ों प्रतिभावान युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। सरकारी आंकड़े खुद इस बात की गवाही दे रहे हैं कि मोदी जी के राज में बेरोजगारी भयानक रूप धारण कर रही है। मगर चुनावी रैलियों में हाथ हिलाने से फुर्सत मिले तब तो मोदी जी देश के युवाओं के बारे में कुछ सोचें।

■ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा जारी नया पेरोल आंकड़ा बताता है कि भारी गिरावट के साथ रोजगार सृजन छः महीने के निचले स्तर पर पहुंच चुका है। ये अर्थव्यवस्था और युवाओं की जिंदगी के लिहाज से खतरनाक है। ये डेटा चालू वित्त वर्ष के लिए श्रम बाजारों में खतरनाक मंदी की तरफ भी इशारा करता है। इससे पहले वर्ल्ड बैंक ने भी आंकड़ा जारी किया था। जिसमें कहा था कि साल 2022 में भारत में युवा बेरोजगारी दर बढ़कर 23.22% हो गई, जो कि पड़ोसी देशों पाकिस्तान (11.3%), बांग्लादेश (12.9%) और भूटान (14.4%) से अधिक है। ये आंकड़े सचेत करते हैं कि मोदी सरकार बेरोजगारी का हल ढूंढने की बजाय देश के युवाओं को प्रोपेगेंडा के नफरती जाल में उलझाने का प्रयास क्यों करती है।

■ मोदी सरकार के कुकर्मों की वजह से आज देश के लाखों काबिल युवाओं में तनाव और अवसाद पैदा हो रहा है, ये युवा निराश हैं। अभी कुछ दिन पहले ही यह मोदी सरकार की नीयत और मानसिकता का रिजल्ट है। कहा जाता है कि देश के युवा देश के मजबूत स्तंभ होते हैं। मगर ऐसे हालात में जब ये युवा ही बेकारी और हताशा में अपनी जवानी गलाने को विवश हैं तो देश का भविष्य धुंधला ही होगा। झूठे और जुमलेबाज प्रधानमंत्री को देश के मेहनतकश युवाओं के दर्द का अंदाजा नहीं है। उनकी बदहाल स्थिति पर ध्यान देना प्रधानमंत्री को मुनासिब नहीं लगता। कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार को अपने फर्जी विज्ञापनों पर लुटाने के लिए हजारों करोड़ रुपये हैं, मगर खाली पदों पर नियुक्तियां करने के लिए फंड नहीं है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, केवल केंद्रीय पुलिस संगठनों में 1.14 लाख पद खाली हैं। रेलवे से लेकर सेना तक देश के सरकारी विभागों में लगभग 30 लाख से अधिक पद खाली हैं। 2014 में 12% से भी कम सिविलियन नौकरियों के पद खाली थे, लेकिन आज ये आंकड़ा बढ़कर 24% से भी अधिक हो गया है।

■ भारत को विश्वगुरू बनाने का सपना दिखाने वाले मोदी जी ने अपने ही देश के युवाओं को आर्थिक और मानसिक रूप से अपंग बनाकर रख दिया है। आज देश का प्रत्येक युवा झूठ, विज्ञापनजीवी और भाषणजीवी सरकार से आजिज आ चुका है, वो अपनी समस्या या तकलीफ किसे बताए....कौन सुनने वाला है इस सरकार में। ये इस देश का दुर्भाग्य है कि भाजपा घिनौने स्वार्थ के लिए देश का भविष्य खोखला कर रही है, बेहतर भविष्य की बुनियाद युवाओं को झूठ और उन्माद के जाल में उलझाकर देश को कमजोर करने का षडयंत्र कर रही है। आज देशवासी जानना चाहते हैं कि मोदी जी देश के युवाओं के प्रति इतने निष्ठुर और निर्मम क्यों बन गए हैं? आखिर मोदी जी युवाओं से कौन सी दुश्मनी निकाल रहे हैं?

# ये चुनाव हम उन लोगों के ख़िलाफ़ लड़ रहें हैं जिन्होंने ग़रीबों की ज़मीन छीनी है। न सड़क बनी, ना स्कूल बनें और ना ही सिंचाई हुई। पर KCR मस्त हैं, अपने Farm House में बैठकर सब फ़ैसलें लेते हैं, लोगों को कभी मिलते नहीं ! जो व्यक्ति लोगों के बीच में नहीं रहता, लोगों से कभी नहीं मिलता, उसको वोट नहीं मिलना चाहिए। कांग्रेस के लोग सब से मिलते हैं। कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में जीतेगी, हिंदुस्तान का गौरव बढ़ेगा।












# मैं डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह समस्त बिहार वासियों से अपील करता हूं की नफरत को मिटाने के लिए दिल से जोड़े दिल और हाथ से जोड़े हाथ आईए कांग्रेस के साथ

## हर हाथ शक्ति, हर हाथ तरक्की

# देश की पार्टी कांग्रेस पार्टी

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की पहल

### जुड़ें कांग्रेस से, जुड़ें कांग्रेस के फ्रंटल संगठनों से

भाइयों और बहनों

- आइये जुड़े बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी से
- सभी युवा जुड़ें यूथ कांग्रेस से
- बहने एवं महिलाएं जुड़ें महिला कांग्रेस से
- कॉलेज के छात्र-छात्रा जुड़े एन एस यू आई से
- बेरोजगार युवा जुड़े सेवादल यंग ब्रिगेड से
- जुड़ें कांग्रेस पार्टी से
- जुड़े महिला सेवादल से



**प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार**


अध्यक्ष, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल
सदाकत आश्रम, पटना

## कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, बिहार की जनता जिंदाबाद

**काम ऐसा करो, कि देख कर दिल खुश हो जाये ! जयपुर में चिरंजीवी योजना से मुफ़्त इलाज पा रहे लोगों से महात्मा गांधी अस्पताल में मिले** @RahulGandhi

**ट्रांसप्लांट, कैंसर, हृदय रोग, डायलिसिस से लेकर अब क्श तक मुफ़्त मरीज़ों और परिवारों की दुआएँ ही तो हमारी ताक़त हैं. अब इस योजना को ₹25 लाख से बढ़ा कर ₹50 लाख कर दिया है काम किया दिल से, कांग्रेस फिर से**




VACANT
खाली पड़े हैं हजारों
'बैकलॉग आरक्षित पद'
गृह मंत्रालय
ओबीसी रिज़र्व पद
6610
भर्ती
717
रक्षा मंत्रालय
ओबीसी रिज़र्व पद
3986
भर्ती
98
जातीय जनगणना जरूरी
ताकि न्याय और हिस्सेदारी सबको मिले
Indian National Congress
@INCIndia